# दिनांक 19.05.2026 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त

उक्त बैठक में निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे :–

1. सुश्री नेहाबन्धु, मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।
2. डॉ अवधेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, मैनपुरी।
3. इं० अंकित यादव, अधिशासी अभियंता, जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं० रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं० नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं० विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, एस०डब्लू०एस०एम०, मैनपुरी।
7. इं० योगेश कुमार, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, मैनपुरी।
8. इं० सूर्यकान्त साहू, सहायक परियोजना प्रबन्धक, टी०पी०आई०डी०, मैनपुरी।
9. इं० श्रीनिवासुलु सिरिजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, मै० एन०सी०सी० लिमिटेड कार्यदायी संस्था, मैनपुरी।
10. इं० माधव वर्मा, संयुक्त महाप्रबन्धक, मै० एन०सी०सी० लिमिटेड कार्यदायी संस्था, मैनपुरी।
11. भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान इटावा रोड़, बेवर मैनपुरी।
12. बाल विद्या कल्याण सेवा समिति मैनपुरी।
13. पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित समस्त ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव।

दिनांक 19.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में "जल जीवन मिशन", जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक दोपहर 01.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। जिसमें जनपद में शत–प्रतिशत पूर्ण 73 नग पेयजल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गयी। समीक्षा में उपस्थित 73 नग पूर्ण योजनाओं से सम्बधित ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव द्वारा कमियां बतायी गयी, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

1. **निजांमपुर ग्राम पेयजल योजना (वि०ख०–बेवर)**–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं परन्तु कुछ गलियों की मरम्मत कार्य अपूर्ण है। निर्देशित किया गया स्थलीय निरीक्षण कराकर मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

   कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी०पी०आई०/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

2. **जलालपुर दिखतमई प्रयागपुर पेयजल योजना (वि०ख०–बेवर)**–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं परन्तु कुछ–कुछ गलियों में सी०सी० टूटी है,पानी नही पहुच रहा है पानी का प्रेसर कम है। निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

   कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी०पी०आई०/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

3. **पटना टिलुआ ग्राम पेयजल योजना (वि०ख०–बेवर)**–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये हैं तथा नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। प्रधान द्वारा जल जीवन के कार्य की सराहना की गई।

   कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

4. **तिलियानी ग्राम पेयजल योजना (वि०ख०–बेवर)**–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना मे गलियो की मरम्मत का कार्य 200मी० शेष है तथा योजना के शेष कार्य पूर्ण करा दिये गये है। निर्देशित किया गया को पानी में कीड़ो की शिकायत की जांच कराने एवं मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

   कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

5. **बरौली ग्राम पेयजल योजना (वि०ख०–बेवर)**–ग्राम प्रधान द्वारा योजना में पाइप लाइन लीकेज एवं पानी में कीड़े आने की शिकायत की गई एवं सड़क मरम्मत का अपूर्ण कार्य अपूर्ण से बताया गया। निर्देशित किया गया स्थलीय निरीक्षण कराकर मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

   कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

6. आलमपुर देहात ग्राम पेयजल योजना (वि0ख0–बरनाहल)–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये है लेकिन ग्राम में पाइप लाइन विछाने हेतु खोदी गई पक्की सड़क की मरम्मत नही की गई जिसकी बजह से सड़क में जल भराव की स्थिति बनी हुई है, सड़क लगभग खत्म हो गई है। निर्देशित किया गया कि मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

7. टिकसुरी बिरायमपुर ग्राम पेयजल योजना (वि0ख0–जागीर)–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये है परन्तु कुछ घरों के कनेक्शनों में पानी का स्लो प्रेशर एवं लीकेज ठीक करने के दौरान हुये गडढ़ों का कार्य अपूर्ण हैं। निर्देशित किया गया कि मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं योजना का रखराखव शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

8. **सुरजनपुर बरखेड़ा ग्राम पेयजल योजना(वि0ख0–सुल्तानगंज)**–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये है परन्तु ग्राम पंचायत में 25 नये कनेक्शन की मांग की गई। निर्देशित किया गया स्थलीय निरीक्षण कराकर अवशेष कनेक्शन प्रदान कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))

9. **मेरापुर गुजराती ग्राम पेयजल योजना (वि0ख0–जागीर)**–ग्राम प्रधान द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में समस्त कार्य पूर्ण करा दिये गये है परन्तु मौसम खराब होने पर सोलर द्वारा पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाती है। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि सोलर न चलने की स्थिति में जनरेटर चलाकर पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))

10. **अन्य समस्त पेयजल योजनाओं के संबंधित प्रधानों ने योजना के कार्य पूर्ण होने पर संतोष व्यक्त किया।**

**जल जीवन मिशन की अन्य विन्दुओ की समीक्षा–**

1. **अवर जलाशय की प्रगति–** समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि 172 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है जिसमें विगत बैठक से मात्र 6 नग प्रगति इस माह में प्राप्त की जा सकी है जो अत्यंत असंतोषजनक है। अधिशासी अभियंता जल निगम मैनपुरी को मै0एन0सी0सी0लि0 की शिथिल कार्यप्रणाली के विषय में शासन को पत्र भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

(अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))

2. **मशीनरी/मैनपावर की उपलब्धता–** अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 56 नग पेयजल योजनाओं, जिनके कार्य 90% पूर्ण किये जा चुके हैं उनपर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने हेतु मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा पर्याप्त मैनपावर नहीं लगाई जा रही है। विकास खण्डवार समीक्षा करने पर वि0ख0 जागीर के ब्लॉक इंचार्ज इं0 संबित बराल द्वारा ब्लाक जागीर में मात्र 03 नग मैनपावर कार्यरत बताई गई। विकास खण्ड –किशनी के ब्लॉक इंर्चाज इं0 तरूण सोलंकी द्वारा वि0ख0 किशनी में 34 नग मैनपावर एवं अर्जुनपुर पेयजल योजना पर 04 मैनपावर एवं अलीपुर केशोपुर पेयजल योजना पर 05 नग मैनपावर कार्यरत बताई गई, जिसका तत्काल लघु सिचांई विभाग के जू0इं0 श्री सर्वेश सिंह वर्मा द्वारा स्थलीय सत्यापन में मात्र 05 नग मैनपावर पाई गई। जिसके संम्बन्ध में संयुक्त महाप्रबन्धक मै0एन0सी0सी0लि0 को भ्रामक रिपोर्टिंग न करने हेतु चेतावनी दी गई। मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड को जनपद की समस्त 418 नग पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण करने हेतु कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, तकनीकी श्रमिक नहीं आये तो शासन को अवगत कराने के निर्देश दिये गये।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

**योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण**– अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 73 नग पेयजल योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण कार्य मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड द्वारा किया जा रहा हैं। समस्त सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि अनुरक्षणाधीन समस्त पेयजय योजनाओं में नियमित एवं पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करें एवं लीकेज व अन्य समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेते हुऐ ससमय निस्तारण करें।

**कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

**योजनाओं पर चोरी/पाइपलाइन को क्षति**– मै0एन0सी0सी0लि0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कतिपय पेयजल योजनाओं पर सोलर पेनल केबिल इत्यादि चोरी की घटनाऐ हो रही हैं जिससे योजनाओं में नियमित जलापूर्ति में बाधा उत्यन्न हो रही है। इस विषय में समस्त ग्राम प्रधानों को ग्राम के असामाजित तत्वों की पहचान करते हुये चोरी रोकने में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया एवं तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया। चोरी रोकने के लिये ग्राम चोकीदार की रात्रि गश्त जलकल प्रांगण तक कराने हेतु ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

**रोड रिस्टोरेशन की स्थिति** – जनपद में जल जीवन मिशन में कार्यरत टी0पी0आई0 एजेंसी के डी0पी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 9058 गलियों तोडी गई के सापेक्ष 7036 गलियों की पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण है एवं 2022 गलियां शेष हैं। जिसमें जनपद के 780 राजस्व ग्रामों में से 471 राजस्व ग्रामों में सड़क मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाना अवगत कराया गया। मै0एन0सी0सी0लि0 के प्रतिनिधि को शेष गलियों को तत्काल मोटरेबल कराने एवं पाइप लाइन की टेस्टिंग उपरान्त स्थाई पुनर्स्थापना का कार्य ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही(टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

**टी0पी0आई0 की समीक्षा**– टी0पी0आई0 के समस्त स्टाफ को योजनाओं के सतत निरीक्षण करने एवं भ्रमण व निरीक्षण का तिथिवार विवरण रखने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

**डी0पी0एम0यू0 को समीक्षा**–डी0पी0एम0यू0 को समीक्षा करने पर पाया गया कि टीम विगत माह में 623 नग एफ0एच0टी0सी0 की फीडिंग का जनपद की प्रगति 98.08% प्राप्त की गई जिससे CMIS PORTALपर जनपद की जल जीवन मिशन में 10 अंक प्राप्त हुये। डी0पी0एम0यू0 के MIS श्री प्रशान्त श्रीवास्तव द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्राप्त हो रही जन शिकायतों IGRS के ससमय निस्तारण किया जा रहा है। अग्रेतर जनपद में प्राप्त हो रही जल गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान एवं एफ0टी0के0 किटों के माध्यम से लैब से जल नमूनों की जांच ससमय कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही(जिला समन्वयक (डी0पी0एम0यू0)/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

**नकारात्मक खबरों का खण्डन**– अधिशासी अभियंता जल निगम को समाचार पत्रों एवं डिजिटल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्राप्त होने वाली नकारात्मक खबरों का तत्काल संज्ञान लेते हुऐ समस्याओं के समाधान एवं झूठी खबरों का खण्डन करने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

**योजनाओं का निरीक्षण**:– बैठक में उपस्थित सम्स्त ग्राम विकास अधिकारियों/ग्राम प्रधानों का समय समय पर जलकल प्रांगणों का भ्रमण कर निमित संरचनाओं की ज़ानकारी रखने एवं संचालन संबंधी तकनीकी समझ रखने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही( जिला पंचायत राज अधिकारी /अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

**क्लोरीनेशन**– मै0एन0सी0सी0लि0 को मानकानुसार क्लोरीन युक्त जल आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। समस्त ग्राम प्रधानों को उथले हैण्डपम्पों का प्रयोग बंद करने एवं इंडिया मार्क–II हैण्डपम्प का उपयोग सीमित करते हुऐ पाइप पेयजल योजनाओं से प्राप्त हो रहे जल का प्रयोग करने हेतु आम नागरिकों को प्ररित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही( जिला पंचायत राज अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))**

❖ ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया कि निम्न बिन्दुओं की स्थिति भ्रमण में समय अवश्य जांच लें।

1. बाउण्ड्री वाल एवं गेट लगा है।
2. नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
3. योजना पर अधिष्ठापित जनरेटर चालू है।
4. पेयजल कनेक्शन सही स्थिति में है।
5. प्रत्येक गांव में पर्याप्त जलापूर्ति हो रही है।
6. सभी घरों को कनेक्शन प्रदान किये जा चुके है।
7. समस्त सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य किया जा चुका है।

**अन्य बिन्दु** :– मै0एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा ग्राम जमथरी में 25 कनेक्शन एवं पाइपलाइन नाला निर्माण में दौरान क्षतिग्रस्त कर दी गई है जिससे जलापूर्ति बाधित हो रही है। मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि एवं अधिशासी अभियंता जल निगम को बिछाई गई पाइप लाइन का फाइनल लेआउट प्लान ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया ताकि इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके। मै0एन0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि अकबरपुर बिकू पेयजल योजना का पूरा जलकल प्रांगण प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे के राइट ऑफ वे की सीमा में आ रहा है। निर्देशित किया गया कि यूपीडा से समन्वय स्थापित कर यूटिलिटी शिपिटंग मद में उक्त योजना के प्रभावित घटकों के पुनर्निर्माण हेतु धनराशि की मांग का प्राक्कलन प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई। (कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण))

अधिशासी अभियन्ता /
सदस्य सचिव
जि0पे0 एवं स्वच्छता समिति
मैनपुरी।

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष
जि0पे0 एवं स्वच्छता समिति
मैनपुरी।

पत्रांक 2578 / बैठक का कार्यवृत्त / 30 दिनांक 1-7-2026

**प्रतिलिपि** :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य विकास अधिकारी, महोदया मैनपुरी ।
2 जिला पंचायत राज अधिकारी, मैनपुरी (सदस्य)।
3 समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मैनपुरी।
4 जिला समन्वयक, मेधज टैक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, मैनपुरी।
5 डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 मैनपुरी।
6 कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, को लिखित में अवगत कराने के निर्देश दिये गये कि
   - कितनी योजनायें माह के अन्त तक पूर्ण होंगी।
   - विकाश खण्ड किशनी में कार्य खराब होने की प्रगति।
   - सुल्तानगंज में मैनपावर की कमी।
   - मैनपावर उपलब्ध कराने के निर्देश।
   - सहायक अभियन्ता को जाँच कर आख्या के निर्देश।

जिलाधिकारी
मैनपुरी।